पत्रांक–15 / सि॰लि॰–17–01 / 2026 सा॰प्र॰................../

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

मनोज कुमार,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष,
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,
सभी आयोगों एवं प्राधिकारों के सचिव,
मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना,
बिहार पुलिस मुख्यालय, पटना
स्थानिक आयुक्त का कार्यालय, नई दिल्ली,
महाधिवक्ता का कार्यालय, बिहार,
बिपार्ड, पटना / गया।

पटना–15, दिनांक–..........................

विषयः– **बिहार सचिवालय सेवा के फोटोयुक्त असैनिक सूची (सिविल लिस्ट–2026) से संबंधित पुस्तिका प्राप्त करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों की (दिनांक–01.01.2026 को कार्यरत रहने के आधार पर) सिविल लिस्ट–2026 का सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा पुस्तक के रूप में मुद्रित कराया गया है, जिसका विमोचन कार्यक्रम दिनांक–18.03.2026 (अपराह्न 03:00 बजे) को निर्धारित है। मुद्रित सिविल लिस्ट–2026 के विमोचन उपरान्त बिहार सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों की फोटोयुक्त असैनिक सूची (सिविल लिस्ट–2026) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त सिविल लिस्ट दो भाग में मुद्रित है, जिसके भाग–I में कोटि क्रमांक–01 से 1600 तक तथा भाग–II में कोटि क्रमांक–1601 से 3165 तक बिहार सचिवालय सेवा के सभी पदाधिकारियों के नाम सम्मिलित हैं।

अतएव अनुरोध है कि दिनांक–19.03.2026 से 31.03.2026 तक (कार्य दिवस में) भाग–I एवं भाग–II से संबंधित बिहार सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों की संख्या (नाम एवं को॰क्र॰ सहित) अंकित करते हुए फोटोयुक्त असैनिक सूची (सिविल लिस्ट–2026) से संबंधित पुस्तिका प्राप्त करने हेतु अपने विभाग / कार्यालय से किसी कर्मी को प्राधिकृत कर सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना (प्रशाखा–15) में उपस्थित होकर उक्त पुस्तिकाएँ प्राप्त करने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

यदि पदाधिकारियों की संख्या अधिक हो तो प्राधिकृत कर्मी को वाहन की व्यवस्था के साथ आना अपेक्षित है।

विश्वासभाजन

16.03.26

(मनोज कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–15 / वरीयता–17–01 / 2026 सा॰प्र॰............. / पटना–15, दिनांक–..........................

प्रतिलिपिः–आई॰टी॰ प्रबंधक, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.03.26

सरकार के अवर सचिव।